# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

**हाट तहबाजारी शुल्क वसूली हेतु ठेके की निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**
**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भेल आवासपुरी के हाट क्षेत्र में सप्ताह में तीन दिन अर्थात मंगलवार , गुरूवार , शनिवार को लगने वाले हाट बाजार में भेल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दरों पर चबूतरा एवं भूमि पर बैठने वाले दुकानदारों से तहबाजारी शुल्क वसूली हेतु दो वर्षों की अवधि के लिये ठेका देने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

निविदा प्रपत्र सम्पदा विभाग (आवासपुरी सिविल) कार्यलय से किसी भी कार्यदिवस में फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर, दिनांक **03/10/2019** समय **15:00** बजे तक निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है ।

निविदा प्रपत्र के साथ ई. एम. डी. राशि रू. **20000/-** मूल्य का **demand draft** जो कि भेल झाँसी के नाम देय हो , जमा करना अनिवार्य है, जो कि ठेका एवार्ड होने पर कुल ठेका मूल्य में समायोजित कर लिया जायेगा अथवा असफल ठेकेदारों को वापस कर दिया जायेगा । पूर्ण रूप से भरे हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक **04/10/2019** समय **13:15** बजे तक प्रशासनिक भवन के सुरक्षा कक्ष में रखी हुई निविदा पेटिका में डाला जाना है, जो कि दिनांक **04/10/2019** समय **14:00** बजे खोली जायेगी ।

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**
**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

## निविदा आमंत्रण प्रपत्र

<table>
<tr><th>क्रम संख्या</th><th>विषय</th><th colspan="3">विवरण</th></tr>
<tr><td>1</td><td>कार्य का नाम</td><td colspan="3">हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21</td></tr>
<tr><td>2</td><td>निविदा स्वीकृत होने की शर्तें</td><td colspan="3">(संलग्नक – क) के अनुसार</td></tr>
<tr><td>3</td><td>ठेके की अवधि</td><td colspan="3">24 माह</td></tr>
<tr><td>4</td><td>ठेकेदार द्वारा खाली निविदा प्रपत्र लेने की समयावधि</td><td colspan="3">दिनांक 14/09/2019 समय प्रात: 10:00 बजे से<br>दिनांक 03/10/2019 समय 15:00 बजे तक</td></tr>
<tr><td>5</td><td>पूर्णतया भरा हुआ निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि</td><td colspan="3">दिनांक 04/10/2019 समय 13:15 बजे तक</td></tr>
<tr><td>6</td><td>टेक्नोकामर्शियल बिड खुलने की तिथि</td><td colspan="3">दिनांक 04/10/2019 समय 14:00 बजे</td></tr>
<tr><td>7</td><td>पूर्णतया भरा हुआ निविदा प्रपत्र जमा करने का स्थान</td><td colspan="3">To<br>Tender Box<br>CISF Control Room/Office<br>Administrative Building<br>Bharat Heavy Electricals Limited<br>Jhansi-284 120. UP</td></tr>
<tr><td>8</td><td>ई. एम. डी. (Earnest Money Deposit)</td><td colspan="3">Rs. 20000/- (रू. बीस हजार)</td></tr>
<tr><td>9</td><td>सुरक्षा राशि<br>(ठेका कार्य संतोष जनक रूप से पूर्ण हो जाने पर वापस कर दिया जायेगा)</td><td colspan="3">Rs. 100000/- (रू. एक लाख)</td></tr>
<tr><td rowspan="3">10</td><td rowspan="3">प्रतिमाह ठेकेदार द्वारा भेल झाँसी को देय अनुमानित न्यूनतम लाइसेंस फीस (रू.)</td><td>मासिक अनुमानित न्यूनतम लाइसेंस फीस (रू.)</td><td>जी. एस. टी @ 18 % (ठेकेदार द्वारा देय) (रू.)</td><td>कुल अनुमानित मासिक न्यूनतम लाइसेंस फीस (जी. एस. टी. सहित) (रू.)</td></tr>
<tr><td>A</td><td>B = A×18 %</td><td>C = A + B</td></tr>
<tr><td>41438</td><td>7459</td><td>48896</td></tr>
<tr><td></td><td>निविदा प्रपत्र मूल्य</td><td colspan="3">शून्य</td></tr>
</table>

**पूर्णतया भरा हुआ निविदा प्रपत्र भेल प्रशासनिक भवन के सुरक्षा कक्ष में रखी हुई निविदा पेटिका में डालना ठेकेदार की जिम्मेदारी है ।**

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर मुहर एवं दिनांक

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**
**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

## हाट तह बाजारी शुल्क वसूली दर , नियम व शर्तें निम्न अनुसार होंगी ।

**1.** ठेके की अवधि ठेका आदेश प्राप्त होने से 02 (दो) वर्ष के लिये होगी ।
**2.** ठेकेदार को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किया गया हैसियत प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त मानी जायेगी ।
**3.** निविदा स्वीकृत करने या न करने का अधिकार पूर्ण रूप से भेल प्रबंधन के पास सुरक्षित रहेगा ।
**4.** निविदा में दर्शाई गई मासिक धनराशि, प्रत्येक माह अग्रिम रूप से भेल कोषागार में उचित माध्यम द्वारा जमा करानी होगी ।
**5.** ठेकेदार ठेके का संचालन किसी भी व्यक्ति को हस्तांतरित नही कर सकेगा । यदि ऐसा पाया गया तो ठेका निरस्त किया जा सकता है एवं सम्पूर्ण जमा मासिक राशि तथा सुरक्षा धनराशि जब्त की जा सकती है ।
**6.** ठेकेदार द्वारा भेल की विभागीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अस्थाई या स्थाई निर्माण नही किया जायेगा ।
**7.** ठेके का अनुबंध रू. 100/- के नान ज्युडिशिअल स्टाम्प पेपर पर किया जायेगा जिसके निष्पादन सम्बंधी समस्त व्यय ठेकेदार को ही वहन करने होंगे ।
**8.** ठेके की अवधि के दौरान किसी भी व्यवस्था के बंद होने या ठेकेदार को होने वाली किसी भी प्रकार की हानि, भेल प्रबंधन द्वारा वहन नही की जायेगी ।
**9.** हाट के दौरान ठेकेदार तथा दुकानदारों के बीच किसी भी प्रकार के लडाई झगडे/मार पीट अथवा विवाद होने पर दोनो पक्षों को आपस में सुलझाना होगा तथा भेल प्रसाशन का इसमे कोई भी हस्तक्षेप नही रहेगा ।
**10.** ठेके की अवधि में विभाग तथा ठेकेदार के बीच किसी भी प्रकार का विवाद होने पर दोनो पक्षों को आपस में सुलझाना होगा । यदि कोई समाधान नही निकलता है तब **Arbitration and conciliation Act 1996 (latest applicable)** के नियमों के अनुसार विवाद को **Arbitrator,** के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा । **Arbitrator,** (मध्यस्थ) की नियुक्ति भेल झाँसी के इकाई प्रमुख द्वारा की जायेगी जिसका निर्णय अंतिम एवं दोनो पक्षों को मान्य होगा ।
11. **जी. एस. टी. की राशि ठेकेदार द्वारा अग्रिम रूप से लाईसेंस फीस के साथ जमा करनी होगी**, **प्राप्त जी. एस. टी. भेल द्वारा उचित SAC code के अंतर्गत निष्पादित किया जायेगा ।**

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

**12. ठेकेदार द्वारा हाट के दौरान दुकानदारों से शुल्क वसूली निर्धारित दर के अनुसार निम्नानुसार करनी होगी ।**

| हाट तहबाजारी शुल्क वसूली हेतु ठेकेदार द्वारा दुकानदारों से वसूल की जाने वाली लाइसेंस शुल्क वसूली दर (जी. एस. टी. सहित) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थान** | **क्षेत्रफल** | **किराया वसूली दर (रू.)** | **स्थान** | **क्षेत्रफल** | **किराया वसूली दर (रू.)** |
| **चबूतरा** | **5' x 5' = 25 वर्गफीट** | **15 /-** | **चबूतरा** | **7' x 5' = 35 वर्गफीट** | **20/-** |
| **जमीन** | **5' x 5' = 25 वर्गफीट** | **15 /-** | **जमीन** | **7' x 5' = 35 वर्गफीट** | **20/-** |
| **हाथ ठेला** | **प्रति ठेला** | **15 /-** | | | |
| **उपरोक्त तालिका में दिये गये क्षेत्रफल से अधिक प्रत्येक 10 वर्गफीट क्षेत्रफल हेतु रू. 5 /- अतिरिक्त लिये जायेंगें ।** | | | | | |

13. **ठेकेदार द्वारा तहबाजारी की निर्धारित दर से अधिक वसूली की जानकारी प्राप्त होने पर भेल प्रबंधन को यह अधिकार होगा कि वह शुल्क वसूली रोक दे तथा ठेका निरस्त कर दे तथा इस दशा में जमा धनराशि भी जब्त कर ली जायेगी ।**

**14.** ठेकेदार को तहबाजारी शुल्क वसूली हेतु कूपन छपवाने होंगे । कूपन का प्रारूप सम्पदा विभाग द्वारा दिया जायेगा । हाट के दौरान दुकानदारों से वसूली करते समय वसूली की राशि का कूपन देना अनिवार्य होगा ।

**15.** भेल आवासपुरी को पौलीथीन मुक्त रखने हेतु, ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि हाट क्षेत्र में किसी भी दुकानदार द्वारा पौलीथीन में फल / सब्जी / अथवा अन्य सामान न बेचा जाय ।

**16.** ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि हाट क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निषिद्ध सामान की बिक्री न की जाय ।

**17.** ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि हाट के दौरान हाट क्षेत्र की सडकों पर किसी प्रकार का यातायात अवरोध उत्पन्न न हो ।

18. **ठेके के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर भेल प्रबंधन द्वारा शुल्क वसूली रोकी जा सकती है तथा ठेका निरस्त किया जा सकता है । ऐसे में किसी भी प्रकार की धनराशि अथवा सुरक्षा राशि वापस नही की जायेगी ।**

**19.** फल विक्रेताओं/ गन्ने का रस/ चाट के ठेले/मछली व मीट विक्रेताओं को अपना – अपना कचडा नियत स्थान पर स्वयं फेकना होगा यह सुनिश्चित करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी ।

20. **हाट क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय संख्या 01 तथा सार्वनिक शौचालय संख्या 02 को साफ कराना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी तथा ठेकेदार अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा निम्नानुसार दिवस वार प्रात: 10:00 बजे (अवकाश के दिन को छोडकर) सफाई के पश्चात उसकी सूचना नगर प्रशासन विभाग को देनी होगी ।**

| **शौचालय पूरी तरह साफ करके सूचना प्रस्तुत करने का समय प्रात: 10:00 बजे** | | |
|---|---|---|
| **मंगलवार** | **गुरूवार** | **शनिवार** |

**नगर प्रशासन भेल झाँसी के प्रतिनिधि के द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान शौचालय की संतुष्टि जनक साफ सफाई न पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी ।**

**21.** हाट क्षेत्र में दुकानदारों के बैठने की व्यवस्था का स्थान तथा प्रारूप भेल प्रबंधन द्वारा दिये गये निर्देषानुसार ठेकेदार को निश्चित कराना होगा, दुकानदारों के बैठने का प्रारूप समय व आवश्यक्ता अनुसार भेल प्रबंधन द्वारा दिये गये निर्देषानुसार बदला जा सकता है ।

**22.** समस्त प्रशासनिक प्रक्रिया पर नियंत्रण भेल प्रबंधन का ही रहेगा ।

**23.** संतोष जनक ठेका कार्य पूर्ण होने के पश्चात सुरक्षा राशि वापस लौटा दी जायेगी ।

**24.** निविदा दो भागों में है :-

(क) टेक्नो कामिर्शियल बिड

(ख) प्राईज बिड

**25.** ठेकेदार द्वारा दोनो बिडों को अलग-अलग बंद लिफाफों में रखा जाना है, जिनके ऊपर साफ शब्दों में टेकनो कामिर्शयल बिड अथवा प्राईज बिड एवं निविदा सूचना संख्या लिखा होना अनिवार्य है । दोनो लिफाफों को सील करने के पश्चात पुन: एक बडे लिफाफे में डालना होगा जिस पर निविदा सूचना संख्या , कार्य का नाम, तथा निविदा खुलने की दिनांक साफ शब्दों में लिखनी होगी ।

**26.** प्राईज बिड में ठेकेदार द्वारा अंकित राशि में किसी भी प्रकार से काटने का निशान अथवा लिखी हुई राशि को ठीक करने का निशान होने पर निविदा निरस्त मानी जायेगी ।

## भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**
**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

**संलग्नक – क**

### निविदा स्वीकृति की अनिवार्य आवश्यक्ताएं

1) निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार का हैसियत प्रमाण पत्र जो कि जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किया गया हो, संलग्न करना आवश्यक है । हैसियत प्रमाण पत्र वर्तमान में प्रभावी एवं मान्य होना चाहिये ।
2) ठेकेदार का पेन कार्ड होना आवश्यक है ।
3) एजेंसी का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है ।
4) ई. एम. डी. (Earnest Money Deposit) राशि जमा करने का प्रमाण **टेक्नो कामर्शियल बिड** के साथ जमा करना अनिवार्य है । (D.D. Number & Date) (छाया प्रति संलग्न करें)
5) निविदा प्रपत्र के सभी प्रष्ठों पर ठेकेदार के हस्ताक्षर होना आवश्यक है ।

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**
**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

**(ठेकेदार द्वारा भरा जायेगा)**

**(टेक्नो कामर्शियल बिड)**

1. एजेंसी का नाम : ______________________________
2. अधिकृत व्यक्ति नाम : ______________________________
3. ई- मेल : ______________________________
4. मोबाईल नम्बर : ______________________________
5. पूरा पता : ______________________________
______________________________
6. हैसियत प्रमाण पत्र जारी होने की दिनांक ______________________________
(हैसियत प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)
7. पेन कार्ड नम्बर ______________________________
(पेन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें)
8. जी. एस. टी. नम्बर ______________________________
(जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)
9. ई. एम. डी. विवरण ______________________________
______________________________
(D.D. Number & Date) (छाया प्रति संलग्न करें)

11. मैंने निविदा प्रपत्र की सभी शर्तें पढ तथा समझ ली हैं एवं मैं इन शर्तों के साथ ठेका कार्य करने का इच्छुक हूँ । (हां / नही ) ______________________________

12. जमा किये हुए निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर ठेकेदार के हस्ताक्षर हैं। (हां / नही) __________

**नोट : टेकनो कामिर्शयल बिड एवं प्राईज बिड अलग-अलग लिफाफों मे सील बंद होनी चाहिये जिन पर निविदा संख्या लिखना आवश्यक है।**

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड - झाँसी
## (सम्पदा विभाग)

निविदा सूचना संख्या : **TCX/TS/9/11** दिनांक : **13/09/2019**

**कार्य का नाम : हाट तहबाजारी शुल्क वसूली 2019-21**

**(ठेकेदार द्वारा भरा जायेगा)**
**(प्राईज बिड)**

1. एजेंसी का नाम : ______________________
2. अधिकृत व्यक्ति नाम : ______________________
3. ई- मेल : ______________________
4. मोबाईल नम्बर : ______________________
5. पूरा पता : ______________________
______________________

| हाट तह बाजारी शुल्क वसूली हेतु भेल झाँसी को देय ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित राशि | | | |
|---|---|---|---|
| ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क (प्रति माह) रू. | जी. एस. टी @ 18 % (ठेकेदार द्वारा देय) रू. | ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क (प्रति माह) जी. एस. टी. सहित रू. | ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क (02 वर्ष अथवा 24 माह हेतु) जी. एस. टी. सहित रू. |
| A | B = A X 18% | C = A + B | D = C x 24 |
| | | | |

- **उप्रोक्त प्राईज बिड में प्रस्तावित राशि भरने से पहले ठेकेदार निविदा की शर्तों को भली भांति पढ व समझ लें ।**
- **ठेकेदार को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पहले वे भेल झाँसी हाट क्षेत्र का निरीक्षण कर ले ।**
- **ठेकेदार द्वारा प्रत्येक माह की राशि जी. एस. टी. सहित अग्रिम रूप से भेल झाँसी को देय होगी ।**
- **ठेका मिलने पर सुरक्षा राशि रू. 100000/- रू. एक लाख अग्रिम जमा करना होगी जो कि ठेका कार्य संतोष जनक रूप से पूर्ण हो जाने पर वापस कर दी जायेगी ।**
- **प्राप्त जी. एस. टी. भेल द्वारा उचित SAC code के अंतर्गत निष्पादित किया जायेगा ।**

11. यदि मुझे ठेके का कार्य आदेश दिया जाता है, उस दशा में मैं मासिक धनराशि प्रत्येक माह अग्रिम रूप से जमा करने को तैयार हूँ ।

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक

ठेकेदार के हस्ताक्षर
मुहर एवं दिनांक